parknotes

नेशनल रोडैन्ड्रॉन गार्डनस् (राष्ट्रीय रोडैन्ड्रॉन उद्यान)

आगन्तुकों के लिए पथ-प्रदर्शिका

दि नेशनल रोडैन्ड्रॉन गार्डनस् सर्दी के मौसम के पौधों का एक अद्वितीय विन्यास है और यहाँ से यारा घाटी के अनुपम दृश्य भी दिखाई देते हैं। बदलते मौसम यह सुनिश्चित करते हैं कि यह उद्यान वर्ष भर मनभावन रहे। जब फूलों के पूरी तरह खिलने का समय नहीं होता, तब भी यहाँ विचरते हुए आप पेड़ों की छालों के गहन रंग, बीजकोषों, अनेक आकारों की पत्तियों की सुंदरता और मनभावन खुशबु का आनंद ले सकते हैं।

इतिहास

दि नेशनल रोडैन्ड्रॉन गार्डनस् का विकास दि आस्ट्रेलियन रोडैन्ड्रॉन सोसायटी ने तब किया जब 1960 में राज्य सरकार ने उसे औलिंडा शहर के पास जमीन पट्टे पर दी। लोगों के एक जोशीले दल ने ज़मीन की सफ़ाई की और उद्यान के दक्षिणी किनारे के आस-पास पौधे लगाने शुरु किए।

सन् 1962 में वन की आग ने पूरे इलाके को जला कर ध्वस्त कर दिया। हालाँकि इससे पहले के लगाए हुए अधिकाँश पौधे नष्ट हो गए, इससे उद्यान के लिए बहुत सारी वन की जमीन साफ़ हो जाने से मेहनत की भी अच्छी बचत हुई।

शुरु में लगाए जाने वाले पौधों में से अधिकाँश का विस्तार सोसायटी के सदस्यों ने अपने संग्रह में से अथवा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय रोडैन्ड्रॉन सोसायटियों द्वारा भेजे गए बीजों और वनस्पति सामग्री से किया था। सोसायटी के संग्रहकर्ता उद्यान में पाई जाने वाली कई किस्में लेने के लिए न्यू गिनी, भारत और नेपाल गए।

इन आरंभिक अभियानों के साहस, गवेषणा और वीरगाथाओं, दूर-दराज़ के देशों में नई किस्में खोजने के लिए यात्राएं करने की महान कहानियों की आप कल्पना ही कर सकते हैं।

प्राकृतिक वातावरण

कुहरे की सुबह यहाँ स्वप्निल वातावरण होता है क्योंकि बड़े-बड़े माउंटेन ऐश (*यूकालिप्टस रेग्ननस्* - गोंद के पेड़) जमीन से निकल कर श्वेत कोहरे में गायब हो जाते हैं। इनमें से अधिकाँश बड़े पेड़ 1962 की आग के बाद उगे हैं। ये विश्व के सबसे लंबे फूल वाले पौधे हैं, केवल कैलीफोर्नियन रेडवुड्स् इनसे ऊँचे होते हैं।

यह उद्यान 104 एकड़ (40 हेक्टेयर) का है और लंबाई में बहुत फैला हुआ है। यहाँ की मिट्टी गहन, थोड़ी अम्लीय ज्वालामुखी की चिकनी लुमट मिट्टी है। इस मिट्टी की प्रकृति ऐसी है कि फालतू पानी आसानी से बह जाता है लेकिन मिट्टी के कणों में खासी नमी बनी रहती है। औसत वर्षा लगभग 1400 मिमी (56 इंच) होती है। तापमान पहाड़ों से दूर के इलाकों के तापमान से औसतन 5 डिग्री कम होता है।

करने और देखने योग्य बातें

सभी मौसमों के लिए उपयुक्त उद्यान

चाहे आप वर्ष के किसी भी समय आएं, यहाँ सदा देखने लायक कुछ न कुछ होता है।

बसंत के आरंभ में आप डैफोडिल (पीला नरगिस) के सुनहरे मील का फासला तय कर सकते हैं और हमारे अनेकों कैमिलिया और मैग्नोलिया के पेड़ों पर फूल देख सकते हैं। बसंत के मध्य में चैरी की वाटिका फूलों से भरी होती है। इसी समय एज़ीलिया और रोडैन्ड्रॉन के फूलों का खिलना भी अपने उत्कर्ष पर होता है और रंगों की इस बौछार के बीच में घूमना आनंददायक होता है।

ग्रीष्म ऋतु वर्षावनों के ठंडे वातावरण में पैदल चलते हुए प्रकृति का अवलोकन करने अथवा चैरी घास के मैदान में ठंडी छाया में पिकनिक मनाने और देवदारु पेडों के संग्रह में घूमने के लिए उत्तम समय है। इस समय चटकीले नीले और श्वेत हाइड्रैन्जिया के फूल पूरी तरह खिले होते हैं और इनके झुंड उद्यान के सभी किनारों पर लगे हैं।

पतझड़ का समय रंगों से भरा होता है क्योंकि पतझड़दार वृक्ष और झाड़ियाँ पीले, लाल और संतरी रंगो की कई छटाओं के हो जाते हैं। झील के आस-पास से दृश्य देखने योग्य होते हैं क्योंकि हाइड्रैन्जिया के अनेक पेड़ जंगली रंग धारण कर लेते हैं और उनकी परछाईयाँ ठंडे शाँत पानी में दिखाई देती हैं।

सर्दी का मौसम असमानताओं का समय है। कोहरा माउंटेन ऐश के पेड़ों में रहस्य का वातावरण बना देता है और हवा सदा ताज़ी और ठंडी होती है। पेड़ों के नंगे स्तम्भों और शाखाओं के प्रतिबिम्ब पहाड़ी झील में दिखाई देते हैं और सर्दी के अंत के दिनों में हैलीबोर और साईक्लोमेन के फूलों से धरती आच्छादित रहती है। वीरिया के संग्रह में हर समय, सारे वर्ष फूल देखे जा सकते हैं।

वहाँ कैसे पहुँचें

दि नेशनल रोडैन्ड्रॉन गार्डनस् औलिंडा शहर से 500 मीटर दूर औलिंडा - मोनबल्क रोड पर स्थित है। जोर्जियन रोड पर मुड़ें। इसके 50 मीटर आगे दाहिनी ओर कार पार्क का प्रवेशद्वार है। (मेल्वेज़ संदर्भ 66 K6)

संग्रह

उद्यान में रोडैन्ड्रॉन जाति के संरक्षण के लिए आवश्यक संग्रह शामिल हैं। इस उद्यान में रोडैन्ड्रॉनों की अनेक ऐसी जातियाँ हैं जो अपने प्राकृतिक वातावरण में अब नहीं पाई जातीं।

समुदाय द्वारा इसमें भाग लेना

दि नेशनल रोडैन्ड्रॉन गार्डनस् के प्रबंधन और संरक्षण में दि ऑस्ट्रेलियन रोडैन्ड्रॉन सोसायटी और दि फ्रैंड्स् ऑफ़ दि नेशनल रोडैन्ड्रॉन गार्डनस् सहित स्वयंसेवकों द्वारा सहायता की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया कर्मचारियों से पूछें।

दि गिफ्ट शॉप (उपहार खरीदने की दुकान)

साल भर दि गिफ्ट शॉप वनस्पतियों और बगीचे से संबधित कई प्रकार की वस्तुएं बेचती है। .

विवाहोत्सव

उद्यान के अंदर के स्थान विवाहोत्सव समारोह और फ़ोटो लेने के लिए बुक किए जा सकते हैं।

इस क्षेत्र के अन्य आकर्षण

विलियम रिकेटस् सैंक्चुअरी (संरक्षित आरण्य)

एल्फ्रेड निकोलस गार्डनस् (उद्यान)

जॉर्ज टिंडेल गार्डनस्

डैन्डेनॉंग रेंज़िज नेशनल पार्क (राष्ट्रीय उद्यान)

For further information

Parks Victoria
Information Centre
Call 13 1963
or visit the
Parks Victoria website
www.parkweb.vic.gov.au

Caring for the environment

Help us look after your park by following these guidelines:

Dogs are not permitted in the Gardens.

Please take rubbish away with you for recycling & disposal.

Do not collect plant material - leave for others to enjoy

All native plants & animals are protected by law. Please do not disturb them in any way.

Please return this park note to the gift shop after use so it can be reused. Thankyou.

Healthy Parks Healthy People

Visiting a park can improve your health, mind, body and soul. So, with over four million hectares of parkland available to Victorians, why not escape to a park today! National Rhododendron Gardens.

मुद्रित जून 2007

100% ऑस्ट्रेलिया में बने पुनर्चक्रित कागज़ पर।

Victoria
The Place To Be

Healthy Parks
Healthy People

Parks
VICTORIA